(घ) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान प्रतिवर्ष विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना के सुचारू कार्यान्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या निधि से कितनी सहायता प्राप्त की गई है और अब तक इस कार्य में कितनी प्रगति हुई है; और

(ङ) क्या सरकार द्वारा इस परियोजना के कार्यान्वयन के संबंध में समय-समय पर कोई समीक्षा की जाती है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री और जल संसाधन मंत्री (श्री ए०आर० अंतुले): (क) जी हां।

(ख) राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना का मुख्य उद्देश्य स्कूलों में जनसंख्या शिक्षा और अनौपचारिक शिक्षा को संस्थागत बनाना है। इस नीति के अनुसरण में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कार्यकलाप निधि की सहायता से मानव संसाधन विकास मंत्रालय के माध्यम से विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्कूल और अनौपचारिक शिक्षा के, प्रौढ़ शिक्षा पद्धति और उच्चतर शिक्षा पद्धति में जनसंख्या शिक्षा शुरू की गई है। श्रम मंत्रालय के माध्यम से एक व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के रूप में जनसंख्या शिक्षा पर एक परियोजना भी शुरू की जा चुकी है।

(ग) जी, हां।

(घ) पिछले 3 वर्षों के दौरान यू०एन०एफ०पी०ए० से प्राप्त की गई वित्तीय सहायता इस प्रकार है:—

(लाख रुपये में)

	92-93	93-94	94-95
(i) स्कूल एवं अनौपचारिक शिक्षा में राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना	67.96	75.00	70.00
(ii) उच्चतर शिक्षा पद्धति में राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना	66.25	28.40	22.42
(iii) प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना	71.51	67.68	89.00

1980 से क्रम सं० (i), (ii) और (iii) की परियोजना ने अपने कार्यान्वयन के दो चक्र पूरे कर लिए हैं और अपने तीसरे चक्र में चल रही है। तथापि, व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरा चरण जनवरी, 1996 से शुरू हो चुका है।

(ङ) कार्यान्वयन करने वाले संबंधित अभिकरणों द्वारा इस परियोजना की समय-समय पर समीक्षा की जाती है।

Complaints against ITDC Officials

852. SHRI V. GOPALSAMY: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) how many officials were charge sheeted during the last three years in ITDC;

(b) the complaints/memorandum received by Government/ITDC in the past from Trade Unions/Members of Parliament/other Organisations regarding Senior Officials of ITDC in New Delhi;

(c) what is the content of each complaint, their date of receipt, action taken/initiated and by when each complaint will be disposed of; and

(d) what remedial measures are being taken by Government to get rid of officials of doubtful intergrity?

THE MINISTER OF CIVIL AVAITION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) During the last three years i.e. 1993, 1994 and 1995 a total number of 424 employees were issued charge sheets.

(b) to (c) Information is being collected.

(d) Action against officials of proven doubtful integrity is taken prescribed rules/procedure.

रेल डिब्बों की आवश्यकता

853. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: